# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–23 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषय पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि जो भारत में निर्मित हो, जिसमें देश के श्रमिकों का पसीना लगा हो, वह हमारे लिये स्वदेशी है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इण्डिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' यानी भारत के द्वारा बनाया गया उत्पाद जो पूरी दुनिया के लिये उपयोगी हो, दुनिया जिसका अनुसरण करने के लिये मजबूर हो वह सब हमारे लिये स्वदेशी है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी की अवधारणा को विराट और व्यापक रूप दिया है। स्वदेशी अब केवल एक नारा नहीं है और खादी वस्त्रों तक सीमित नहीं है। हमारा देश सूई से लेकर समुद्री माल वाहक जहाज और हवाई जहाज तक का निर्माण कर रहा है।

**********

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना– आयुष्मान भारत के आज सात वर्ष पूरे हो गए है। सितंबर 2018 में रांची से शुरू की गई यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी सहायता प्राप्त स्वास्थ्य बीमा योजना है। इससे पचपन करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि आयुष्मान भारत के कारण देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति आ रही है। श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे क्षमता, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आयुष्मान भारत योजना स्वस्थ भारत, विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की कुंजी है।

**********

देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में कल से लागू किए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार एक बड़ा कदम हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके ये सुधार लोगों को काफी राहत प्रदान करेंगे। एक रिपोर्ट–

***अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलना शुरू हो गया है। लोगों को प्रत्यक्ष बचत का लाभ देने के लिए, सरकार ने रोजमर्रा की जरूरत की चीजों और डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों पर कर कम कर दिए गये हैं। जैसे हेयर ऑयल, साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, टूथब्रश और शेविंग क्रीम जैसे उत्पादों पर जीएसटी की दरें 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। अल्ट्रा–हाई टेम्परेचर दूध, पनीर, छैना, रोटी और पराठों पर, जीएसटी कर, पूरी तरह से हटा दिया गया है। नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन और घी जैसे खाद्य पदार्थों पर भी कर की दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 12 प्रतिशत वाले स्लैब का हिस्सा था। वहीं, रसोई में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, डायपर और सिलाई मशीन जैसी अन्य घरेलू जरूरत की चीजों पर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। शिवांग के साथ, नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला– 'सेवा पर्व' में, हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है, और युवाओं को भविष्य के रोजगार सृजक बनने के लिए सशक्त बना रही है। एक रिपोर्ट–

***रोजगार सृजन और रोजगार के अवसरों का विस्तार पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। भर्ती, उद्योग विकास और निर्यात पर केंद्रित प्रयासों ने विभिन्न क्षेत्रों में औपचारिक रोजगार सृजन में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अक्टूबर 2022 में शुरू किया गया रोजगार मेला देश भर में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य युवाओं को सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना और राष्ट्रीय विकास में उनकी भूमिका को बढ़ाना है। अब तक 16 राष्ट्रीय स्तर के रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की, जिसके तहत लगभग साढे तीन करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएँगे।***

**********

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान तेइस माह बाद आज सीतापुर जेल से रिहा हो गये। उन पर विभिन्न मामलों में छियानबे केस दर्ज हैं। अट्ठारह सितम्बर को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खां की आज रिहाई हुयी।

**********

अलीगढ़ जनपद में आज सुबह एक कार और कैंटर की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी। ये घटना अलीगढ़ के अकाराबाग थाना क्षेत्र स्थित गोपी पुल पर हुयी जिसमें कार सवार चार लोग और कैंटर चालक की मौत हो गयी। इस दुर्घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक–संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**********